राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर
‘‘इन्वेस्टिगेशन ऑफ आर्गेनाइज्ड क्राइम’’
कोर्स रिपोर्ट

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार ‘‘इन्वेस्टिगेशन ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम’’ विषय पर 05 दिवसीय कोर्स दिनांक 23.09.2019 से 27.09.2019 तक आयोजित किया गया है।

इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 28 प्रतिभागियों जिसमें 01 पुलिस उप अधीक्षक, 04 पुलिस निरीक्षक, 01 कम्पनी कमाण्डर 20 उप निरीक्षक पुलिस एवं 02 प्लाटून कमाण्डर ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। कोर्स डायरेक्टर श्री कप्तान सिंह, पुलिस निरीक्षक राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत कर इन्वेस्टिगेशन ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के विभिन्न आयामों के बारे में बताया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि प्रातः 10.30 से सांय 05.00 तक रही है, जिसमें इन्वेस्टिगेशन ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम विषय पर विभिन्न कानूनों की जानकारी, संगठित अपराधों से सम्बन्धित जानकारी, साक्ष्य संकलन करने की प्रक्रिया, गिरफ्तारी एवं आरोप पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। आमंत्रित अतिथि व्याख्याताओं ने उपस्थित होकर व्याख्यान दिये, साथ ही भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत एवं मौजूदा पुलिस अधिकारियों ने अपने अनुभव प्रशिक्षणार्थियों से साझा किये।

कोर्स के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में श्री श्रीमती सुमन राव, पी. ओ. राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर ने गंभीर अपराधों में एफ.आई.आर. और अभियोजन तथा विभिन्न राज्यों में कानून का तुलनात्मक अध्ययन एवं डी एस पी ई एक्ट विषय पर अपना प्रभावशाली व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री एम.एम. अत्रे सेवानिवृत आई.जी.पी. ने एफ.आई.आर. का मसौदा, गिरफ्तारी के प्रावधानों एवं संगठित अपराध के विभिन्न अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों को विस्तार से समझाया। प्रथम दिवस के अन्तिम व तृतीय सत्र में श्री एन आर के रेड्डी महानिदेशक, जेल, राजस्थान, जयपुर ने जेल परिसर में संगठित अपराधों को अंजाम दिये जाने एवं उनके रोकथाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री गजेन्द्र शर्मा उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना साईबर क्राईम ने अपने विषय एटीएम, क्रेडिट/डेबिट कार्ड धोखाधड़ी के अनुसंधान को विस्तार से समझाया। द्वितीय सत्र में श्री धीरज वर्मा, पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर ने ड्रग ट्रेफिकिंग से संबंधित केसेज के अनुसंधान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। तृतीय व अन्तिम सत्र में श्री संजीव भटनागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एस. ओ.जी., राजस्थान, जयुपर ने विभिन्न आपराधिक गिरोह और उनके तौर-तरीके, राजस्थान में उभरते आयाम एवं अंतर राज्य समन्वय के बारे में विस्तार से समझाया।

तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में आर0एस0 शर्मा, अति0 निदेशक एफ0एस0एल0, (से.नि.) राजस्थान जयुपर ने साक्ष्य संग्रह/संकलन एवं दस्तावेजों/डिजिटल साक्ष्य संग्रह की कला की जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र में श्री सुरेश चन्द, पुलिस निरीक्षक, सी बी आई, नई दिल्ली ने "विदेश में अनुसंधान" विषय पर अपनी जानकारी प्रदान की। तृतीय व अन्तिम सत्र में श्री मिलिन्द अग्रवाल साईबर क्राइम एक्सपर्ट ने संगठित अपराध में सेल फोन, इंटरनेट और कंप्यूटर का उपयोग कैसे किया जाता है के संबंध में विस्तार से समझाया।

चतुर्थ दिवस के प्रथम व द्वितीय सत्र में श्री आर. एस. बत्रा, आर.ए.एस. (सेवानिवृत्त) द्वारा भूमि संबंधी विवादों के अनुसंधान, डबल पट्टा, पावर ऑफ एटॉरनी, ट्रॉसफर ऑफ प्रॉपर्टी, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, अटॉर्नी की शक्ति, रिकॉर्ड से संबंधित दस्तावेजों से छेड़छाड़ के संबंध में व्याख्यान दिया गया। तृतीय व अन्तिम सत्र में श्री महावीर सिंह, पुलिस निरीक्षक, थानधिकारी थाना नवलगढ., झुंझुनू ने केस स्टडी के साथ फिरौती के लिए अपहरण के प्रकरण में अनुसंधान (सुमेधा दुरलभजी केस) की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अन्तिम दिवस के प्रथम सत्र में श्रीमती अनुकृति उज्जैनियां अति0 पुलिस अधीक्षक, शाहपुरा भीलवाडा ने बाल तस्करी अनुसंधान के लिए कानूनी प्रावधानों एवं नवीनतम केस स्टडी (ऑपरेशन गुडिया) के संबंध में समझाया। द्वितीय सत्र में श्री राम सिंह डिप्टी कमांडेन्ट, 5वीं बटालियन आरएसी, जयपुर ने पुरावस्तुओं की चोरी के प्रकरणों की जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस में दिनांक 27.09.2019 को 04:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया गया। कोर्स का समापन-समारोह अकादमी स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल नं.04 में किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री अनिल पालीवाल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एस.ओ.जी. एवं ए.टी;एस., राजस्थान, जयपुर का श्री कैलाश चन्द्र, अतिरिक्त निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर ने ग्रीन वैलकम किया एवं मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन धन के पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में कोर्स निदेशक श्री कप्तान सिंह, पुलिस निरीक्षक के द्वारा कोर्स के संचालन में मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

कोर्स निदेशक,
राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर